राजकीय कॉलेज में पूर्व छात्र मिलन समारोह 10 जून को

चरखी दादरी। राजकीय महाविद्यालय बिरोहड़ प्राचार्य डॉ. अनीता रानी ने बताया कि महाविद्यालय से अनेक छात्र और छात्राएं देश के कोने-कोने में विभिन्न सेवाओं में कार्यरत हैं। उनके विशेष आग्रह पर दिनांक 10 जून को कॉलेज में एलुमनाई एसोसिएशन/पूर्व छात्र मिलन कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम में राजकीय महाविद्यालय बिरोहड़ से शिक्षा प्राप्त कर चुके विद्यार्थी शामिल होंगे। इस संबंध में इन पूर्व छात्रों को सूचित किया जा रहा है ताकि वे कार्यक्रम में शामिल हो सकें। संवाद